अत्यावश्यक

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

संख्या न0नि0–50–15/2025 2699

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा(भा.प्र.से.)
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

Anil Kumar Soans,
Sr.DGM (Marketing/EM)
BHARAT ELECTRONICS LIMITED
BENGALURU-560013
E-mail-aksoans@bel.co.in

पटना, दिनांक– 13.6.25

**विषय :– आगामी नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025 तथा पंचायत उप निर्वाचन, 2025 में उपयोग में लाये जाने वाले ई.वी.एम. के Commissioning कार्य एवं मतदान तथा मतगणना के तिथि को तकनीकी सहायकत प्रदान करने हेतु अभियंताओं की सेवा उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025 एवं पंचायत उप निर्वाचन, 2025 क्रमशः दिनांक–28.06.2025 तथा दिनांक–09.07.2025 को निर्धारित है। इसी प्रकार मतदान के उपरान्त मतगणना क्रमशः दिनांक–30.06.2025 एवं दिनांक–11.07.2025 को निर्धारित है।

उक्त मतदानों में प्रयोग में लिये जाने वाले ई.वी.एम. की Commissioning तथा मतदान एवं मतगणना की तिथियों को तकनीकी सहायता हेतु BEL के अभियंताओं की सेवाओं की आवश्यकता है।

प्रथम चरण में नगरपालिका आम निर्वाचन/उप निर्वाचन, 2025 के लिए कुल 27 जिलों (जिलों की सूची संलग्न) में कुल 44 अभियंताओं की आवश्यकता है। प्रथम चरण के जिलों का नाम पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है, जहाँ Commissioning का कार्य दिनांक–24.06.2025 से दिनांक–25.06.2025 तक निर्धारित है।

द्वितीय चरण में आवश्यक अभियंताओं की संख्या एवं जिलों की सूची अलग से प्रेषित की जाएगी। ई.वी.एम. Commissioning का कार्य निर्वाची पदाधिकारी के स्तर पर उनके पर्यवेक्षण में की जाएगी।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

सचिव।

ज्ञापांक– न0नि0–50–15/2025 2699 पटना, दिनांक– 13.6.25

प्रतिलिपि :– सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar



E:\dhiru\Prem sir letter.2.docx

ज्ञापांक– न0नि0–50–15 / 2025 2699 पटना, दिनांक– 13.6.25

प्रतिलिपि– सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)–सह–जिला पदाधिकारी,(नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, शिवहर, दरभंगा, मधेपुरा, किशनगंज, शेखपुरा, जुमई, वैशाली एवं अरवल को छोड़कर) बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि Commissioning का कार्य ससमय कराने हेतु व्यक्तिगत अनुश्रवण करने की कृपा की जाए। साथ ही साथ अभियंताओं के आवासन / भोजन / परिवहन आदि की व्यवस्था पूर्व के दिशा–निर्देशों के अनुरूप / नियमानुसार सुनिश्चित कराया जाए। **इस तथ्य पर विशेष ध्यान दिया जाये कि जिला स्तर से आवासन / भोजन / परिवहन आदि की व्यवस्था करने पर सेवा प्रमाण पत्र में इसका उल्लेख अवश्य किया जाये ताकि अभियंताओं को उसी के अनुरूप भुगतान किया जा सके।**

13/6/25

सचिव।

ज्ञापांक– न0नि0–50–15 / 2025 2699 पटना, दिनांक– 13.6.25

प्रतिलिपि :– श्री सत्यजीत कुमार पाठक, अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी / श्री मनीष कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी लेखा शाखा बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/6/25

सचिव।

ज्ञापांक– न0नि0–50–15 / 2025 2699 पटना, दिनांक– 13.6.25

प्रतिलिपि :– 1. सभी नोडल पदाधिकारी, ई.वी.एम. कोषांग, बिहार राज्य बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. श्री नीतिश कुमार, आई.टी. प्रबंधक, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना / श्री राहुल कुमार, प्रबंधक, एस.ई.आर. / श्री विकास सिन्हा, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/6/25

सचिव।

नगरपालिका आम निर्वाचन/उप निर्वाचन, 2025 में **Commissioning,** मतदान एवं मतगणना के दौरान निम्न सूची के अनुसार अभियंताओं की सेवा उपलब्ध कराने हेतु मांग पत्र

| क्र0सं0 | जिला का नाम | अभियंताओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पटना | 3 |
| 2 | बक्सर | 1 |
| 3 | भोजपुर | 3 |
| 4 | कैमूर | 2 |
| 5 | रोहतास | 1 |
| 6 | नालन्दा | 2 |
| 7 | गयाजी | 2 |
| 8 | सारण | 1 |
| 9 | सिवान | 2 |
| 10 | गोपालगंज | 1 |
| 11 | मुजफ्फरपुर | 1 |
| 12 | पूर्वी चम्पारण | 2 |
| 13 | प0 चम्पारण | 1 |
| 14 | सीतामढ़ी | 1 |
| 15 | मधुबनी | 3 |
| 16 | समस्तीपुर | 1 |
| 17 | सहरसा | 3 |
| 18 | सुपौल | 1 |
| 19 | पूर्णिया | 1 |
| 20 | कटिहार | 2 |
| 21 | अररिया | 1 |
| 22 | मुंगेर | 2 |
| 23 | लखीसराय | 3 |
| 24 | बेगूसराय | 1 |
| 25 | खगड़िया | 1 |
| 26 | भालगपुर | 1 |
| 27 | बांका | 1 |
| | **कुल** | **44** |

रंजन

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar



E:\dhiru\Prem sir letter.2.docx